आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

राजस्व

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश ने पिछले तीन वर्षों में अपने संसाधनों से 26 हज़ार 6 सौ 83 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया है। ये पिछली सरकार के औसत राजस्व से 3 हज़ार 8 सौ करोड़ रूपये अधिक हैं। उन्होंने बताया कि सत्ता में आने के बाद सरकार ने शराब के ठेकों के लिए नीलामी सह निविदा प्रणाली लागू की जिससे 5 हज़ार 4 सौ 8 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि पिछली सरकार के कार्यकाल में ये राशि केवल एक हज़ार एक सौ 14 करोड़ रूपये थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने प्रदेश में दवाओं के सैंपल फेल होने के मामले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने आज शिमला में बताया कि ये दवा निर्माता कम्पनियां सोलन ज़िले के बद्दी और नालागढ़ क्षेत्र की हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं और जांच सही पाए जाने पर दवा कम्पनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पोलियो अभियान

पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत कल प्रदेश में 5 वर्ष की तक आयु के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और प्रदेशभर में 5 हज़ार 7 सौ 93 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने आज शिमला में बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए 11 हज़ार 7 सौ 6 टीकाकरण टीमों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि इस बार पर्यटन स्थलों, निर्माण स्थलों और दुर्गम क्षेत्रों को अभियान के तहत विशेष रूप से कवर किया जा रहा है।

कल पोलियो खुराक पीने से वंचित रहने वाले बच्चों को 22 व 23 दिसम्बर को स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर जाकर ये खुराक पिलाएंगे।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने अधिकारियों को जनसमस्याओं का तय समय में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कांगड़ा ज़िले के ज्वाली में विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर

भी बल दिया। चंद्र कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपये की लागत से सड़कों के उन्नयन कार्य किए जा रहे हैं।

फोरलेन

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने चण्डीगढ़–शिमला फोरलेन की बदहाल स्थिति का मामला लोकसभा में मजबूती से उठाने के लिए कांग्रेस महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी का आभार जताया है। एक बयान में विनय कुमार ने कहा कि ये फोरलेन आए दिन भूस्खलन के कारण बाधित रहता है जिससे आम लोग, पर्यटक, मरीज और आपात सेवाएं बुरी तरह प्रभावित होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने प्रदेशहित में खामियों को उजागर किया है और ऐसे गंभीर मुद्दों का त्वरित समाधान अनिवार्य है।

सशस्त्र सीमा बल

सशस्त्र सीमा बल आज अपना 62वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बल के सभी कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल का अटूट समर्पण, सेवा और बलिदान की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बल की कर्तव्य निष्ठा राष्ट्र की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। वहीं, अपने संदेश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने से लेकर संकट के समय नागरिकों के साथ खड़े रहने तक, सशस्त्र सीमा बल ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है।

बजट सुझाव

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2026–27 के बजट के लिए नागरिकों से सुझाव और विचार आमंत्रित किए हैं। बजट फरवरी में पेश किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य समावेशी विकास और राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा देते हुए जनता की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखना है। सुझाव डब्ल्यू. डब्ल्यू. डब्ल्यू. डॉट माई गॉव डॉट इन पोर्टल पर भेजे जा सकते हैं।